**प्रेस नोट दिनांक 09.02.2026**

**थाना भमोरा जनपद बरेली**

**थाना भमोरा #bareillypolice द्वारा चोरी/लूट की घटनाओं का सफल अनावरण, पुलिस मुठभेड़ में 02 शातिर अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

थाना भमोरा जनपद बरेली पुलिस द्वारा चोरी एवं लूट की घटनाओं में संलिप्त 02 शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 चोरी की मोटरसाइकिलें, लूटे गए मोबाइल फोन तथा अवैध असलहा व कारतूस बरामद किए गए।

**सूचना एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 09.02.2026 की रात्रि में थानाध्यक्ष भमोरा मय पुलिस बल थाना क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे अंडरपास ग्राम रमपुरा बुजुर्ग के दक्षिण दिशा में खेतों की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित खड़े हैं, जो किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं तथा उनके पास हथियार मौजूद हैं।

सूचना पर पुलिस बल को रम्पुरा तिराहे पर एकत्र कर दो टीमों में विभाजित किया गया। पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों को घेरने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों ने स्वयं को घिरा देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की तथा मोटरसाइकिल छोड़कर खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गई, किंतु अभियुक्तों द्वारा पुनः फायर किया गया, जिसमें उ0नि0 मनोज कुमार घायल हो गये।

आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा नियंत्रित फायरिंग की गई, जिससे दोनों अभियुक्त घायल होकर गिर पड़े और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों को प्राथमिक उपचार हेतु CHC भमोरा भेजा गया, जहां से जिला अस्पताल बरेली रेफर किया गया। उपचारोपरांत दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1. जफर उर्फ जफरूद्दीन पुत्र कासिम नि0 ग्राम बैकुण्ठापुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली
2. सुदामा दिवाकर उर्फ केशव पुत्र ओम प्रकाश नि0 ग्राम धौनेरा थाना नवाबगंज जिला बरेली हाल निवासी ग्राम करमपुर चौधरी थाना इज्जतनगर जिला बरेली

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः–**

मु0अ0सं0 77/2026 धारा 109(1) BNS व 3/25(1-B)(a)/27 आर्म्स एक्ट थाना भमोरा जनपद बरेली

**अभियुक्त जफर उर्फ जफरुद्दीन का आपराधिक इतिहासः–**

1. मु0अ0सं0 371/ 23 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस थाना वेव सिटी गाजियाबाद कमिश्नरेट
2. मु0अ0सं0 399/25 धारा 309(6)/317(2) BNS थाना महोली जनपद सीतापुर
3. मु0अ0सं0 402/25 धारा 109(1)BNS व 3/25/27 आर्म्स एक्ट (पुलिस मुठभेड़) थाना महोली जनपद सीतापुर
4. मु0अ0सं0 37/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना भमोरा
5. मु0अ0स0 68/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना भमोरा
6. मु0अ0स0 591/25 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना भमोरा
7. मु0अ0स0 598/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना भमोरा बरेली
8. मु0अ0स0 69/26 धारा 309(6)/351(3) बीएनएस सम्बन्धित थाना इज्जतनगर
9. मु0अ0सं0 77/2026 धारा 109(1) BNS व 3/25(1-B)(a)/27 आर्म्स एक्ट थाना भमोरा

**अभियुक्त सुदामा उर्फ केशव का आपराधिक इतिहासः–**

1. मु0अ0सं0 676/22 धारा 379/411 भादवि थाना भोजीपुरा जिला बरेली
2. मु0अ0सं0 70/23 धारा 34/379/411 भादवि थाना इज्जतनगर जिला बरेली
3. मु0अ0सं0 77/23 धारा 411/413/414/420 भादवि थाना इज्जतनगर जिला बरेली
4. मु0अ0सं0 37/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना भमोरा

5. मु0अ0स0 68/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना भमोरा
6. मु0अ0स0 591/25 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना भमोरा
7. मु0अ0स0 598/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना भमोरा बरेली
8. मु0अ0स0 69/26 धारा 309(6)/351(3) बीएनएस सम्बन्धित थाना इज्जतनगर
9. मु0अ0सं0 77/2026 धारा 109(1) BNS व 3/25(1-B)(a)/27 आर्म्स एक्ट थाना भमोरा

**बरामदगी का विवरणः–**

चोरी की दो मोटरसाइकिलें नं0 UP25EL9421 एवं UP24AS2941
02 अवैध तमंचे (.315 बोर) मय खोखे एवं जीवित कारतूसों सहित
लूट की घटना से संबंधित 02 मोबाइल फोन सहित कुल 04 मोबाइल फोन

**बरामद वस्तुओं का संबंध:-**

मो0सा0 UP25EL9421: थाना भमोरा मु0अ0सं0 37/26 धारा 303(2) BNS (चोरी) से संबंधित
मो0सा0 UP24AS2941: थाना भमोरा मु0अ0सं0 598/25 धारा 303(2) BNS से संबंधित
मोबाइल फोन: थाना इज्जतनगर मु0अ0सं0 69/26 धारा 309(6)/351(3) BNS (लूट) से संबंधित

**पूछताछ विवरणः**-

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि लगभग 10 दिन पूर्व उन्होंने अपने साथी आसिफ के साथ मिलकर रात्रि समय विलयधाम पुल थाना इज्जतनगर क्षेत्र में एक ट्रक चालक से लगभग ₹20,000 नगद एवं उसके साथी का मोबाइल फोन लूटा था। लूट की गई राशि आपस में बराबर बाँटकर निजी खर्चों में उपयोग कर ली गई। अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया कि उनके कब्जे से बरामद वीवो एवं ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन लूट की घटना से संबंधित हैं। बरामद चोरी की मोटरसाइकिलें अभियुक्तों द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व देवचरा तथा एक मोटरसाइकिल लगभग 02 माह पूर्व ग्राम खेड़ा थाना भमोरा क्षेत्र से चोरी की गई थी। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों ने लगभग 02 माह पूर्व ग्राम बल्लिया थाना भमोरा क्षेत्र में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय से ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी एवं एलईडी चोरी करना स्वीकार किया, जिसे राह चलते व्यक्तियों को बेचकर प्राप्त राशि आपस में बाँट ली गई। हाल ही में अभियुक्तों द्वारा मकरन्दपुर क्षेत्र से एक अपाचे मोटरसाइकिल चोरी की गई थी, जो उनके फरार साथी के पास है, जिसके संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. थानाध्यक्ष श्री सनी चौधरी थाना भमोरा जनपद बरेली
2. उ0नि0 श्री हीरेन्द्र सिंह थाना भमोरा जनपद बरेली
3. उ0नि0 श्री श्याम सिंह थाना भमोरा जनपद बरेली
4. उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना भमोरा जनपद बरेली
5. उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार थाना भमोरा जनपद बरेली
6. हे0कां0 मौहम्मद मोवीन थाना भमोरा जनपद बरेली
7. कां0 मनोज कुमार थाना भमोरा जनपद बरेली
8. कां0 उन्नत पंवार थाना भमोरा जनपद बरेली
9. कां0 प्रदीप कुमार थाना भमोरा जनपद बरेली
10. कां0 राहुल कुमार थाना भमोरा जनपद बरेली
11. कां0 चैतन्य प्रकाश थाना भमोरा जनपद बरेली